# उत्तराखंड के पवनदीप राजन बने 'इंडियिन आइडल 12' के विजेता

## चर्चा में क्यों?

15 अगस्त, 2021 को संपन्न हुए सिंगिंग रियलिटी शो '**इंडियिन आइडल 12**' के ग्रैंड फिनाले में **उत्तराखंड के पवनदीप राजन** विजेता बने। उन्हें पुरस्कारस्वरूप लग्जरी कार और 25 लाख रुपए मिले।

## प्रमुख बिंदु

- उत्तराखंड के चंपावत निवासी पवनदीप को संगीत विरासत में मिला है। उनके पिता सुरेश राजन और ताऊ सतीश राजन ने उन्हें संगीत सिखाया है।
- उनके पिता सुरेश राजन कुमाऊँ के मशहूर लोकगायक हैं तथा दादाजी स्व. रतिराजन भी प्रसिद्ध लोकगायक थे।
- पवनदीप की नानी भी लोकगायिका थीं। पवनदीप की बहन ज्योतिदीप भी एक गायिका हैं।
- पवनदीप राजन गीत गाने के साथ ही विभिन्न तरह के म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट बजाने में माहिर हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pawandeep-rajan-the-winner-of-indian-idol-12